**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 16.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में बालू घाटों के लीज आवंटन का नया नियम लागू; अब जिलों के उपायुक्त होंगे सक्षम प्राधिकार, जिला खनन पदाधिकारियों के अधिकार घटे।**
2. **सीबीएसई ने जारी किया 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा का शेड्यूल; असंतुष्ट छात्र 19 से 22 मई तक स्कैन कॉपी के लिए कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन।**
3. **अमेरिका में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे दुमका के संजय पाल; लॉस एंजिल्स में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय युवा सम्मेलन के लिए हुआ चयन।**
4. **राज्य भर में आज पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है वट सावित्री का पावन पर्व, अखंड सौभाग्य के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत।**

**और**

5. **राज्य में समय से 12 दिन पहले पहुंच सकता है मानसून; मौसम विभाग का अनुमान, 26 मई को केरल और 5 जून तक राज्य में देगा दस्तक।**

**और अब समाचार विस्तार से**

********************

राज्य के खान एवं भू–तत्व विभाग ने बालू घाटों की लीज आवंटन के लिए नया आदेश जारी किया है। सचिव अरवा राजकमल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अब जिलों के उपायुक्तों को लीज निष्पादन के लिए सक्षम प्राधिकार बनाया गया है। झारखंड सैंड माइनिंग नियमावली दो–हजार–छब्बीस के तहत सभी वैधानिक स्वीकृतियों के बाद ही लीज डीड पर अंतिम फैसला होगा।

********************

सीबीएसई ने बारहवीं के नतीजों के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। परिणाम से असंतुष्ट छात्र उन्नीस से बाईस मई तक मूल्यांकन शीट की स्कैन कॉपी के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद अंकों के पुनर्मूल्यांकन और विसंगतियों के सत्यापन के लिए छब्बीस से उनतीस मई तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

********************

भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमर बाउरी ने बोकारो में कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए उस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इसी नीति के कारण जनता उसे नकार रही है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मधुबन स्थित मरांग बुरु दिसम मांझीथान का द्वार बंद होने पर राज्य सरकार को घेरा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखे पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि संताल समाज की परंपरा और आस्था का अपमान किया जा रहा है।

********************

जल पुरुष के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् राजेंद्र सिंह ने कहा है कि झारखंड इस समय गंभीर पर्यावरणीय और जल संकट का सामना कर रहा है। रांची में आयोजित एक कार्यशाला में उन्होंने झारखंड को समृद्ध बनाने के लिए यहां की प्रकृति और संस्कृति को एक साथ जोड़ने की आवश्यकता बताई है।

********************

राज्य में जनगणना के पहले चरण के तहत आज से डोर–टू–डोर मकान गणना और सूचीकरण का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए प्रगणकों की टीमें राज्यभर में घर–घर जाकर मकानों का विवरण दर्ज कर रही हैं। प्रशासन ने आम जनता से सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग की अपील की है।

********************

दुमका जिले के काठीकुंड के युवा संजय पाल अमेरिका के लॉस एंजिल्स में आयोजित होने वाली तेरहवीं इंटरनेशनल यूथ कॉन्फ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इक्कीस से चौबीस मई तक होने वाले इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में वे वैश्विक शांति, सुरक्षा और कूटनीति जैसे विषयों पर चर्चा में भाग लेंगे। संजय का चयन ऑनलाइन परीक्षा के आधार पर हुआ है।

*******************

रांची सदर अस्पताल में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम और बायोमैट्रिक अटेंडेंस पोर्टल को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों में जागरूकता बढ़ाने तथा आयरन सप्लीमेंट वितरण को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

*******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा स्थित डायवर्सिटी पार्क का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विधायक समीर मोहंती ने यहां अट्ठारह दो–मंजिला कॉटेज के निर्माण का भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि इस आधुनिक परियोजना से जहां स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, वहीं सैलानियों को बेहतर आवासीय और प्राकृतिक अनुभव मिलेगा।

*******************

रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्रियों को जल्द कई नई सुविधाएं मिलेंगी, जिनमें दस रुपये में चाय–कॉफी देने वाला उड़ान यात्री कैफे, किड्स प्ले जोन और हैंडीक्राफ्ट स्टॉल शामिल हैं। इन किफायती और आधुनिक सुविधाओं का उद्घाटन आगामी बीस मई को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू करेंगे।

*******************

दुमका जिले के रानेश्वर प्रखंड के सालतोला गांव में छब्बीस किसानों ने छह एकड़ जमीन पर सामूहिक खेती कर एक अनूठी मिसाल पेश की है। क्लस्टर मॉडल के तहत ये किसान एकजुट होकर करेला, तरबूज और भिंडी जैसी नकदी फसलें उगा रहे हैं। इस आत्मनिर्भर प्रयास में स्थानीय महिला किसान भी बढ़–चढ़कर भाग ले रही हैं।

*******************

राज्य भर में आज वट सावित्री का पावन पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। अखंड सौभाग्य और पति की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं आज निर्जला व्रत रखकर बरगद के वृक्ष की पूजा–अर्चना कर रही हैं। पाकुड़ और हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों के पूजा पंडालों और वृक्षों के पास सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

*******************

देश भर में आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नागरिकों से स्वच्छता और सतर्कता अपनाकर डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घर के आसपास जलजमाव को रोकना और समय पर इलाज कराना इस बीमारी से बचाव के लिए बेहद जरूरी है।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 76 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार देश में इस वर्ष मानसून समय से पहले दस्तक दे सकता है। केरल में इसके छब्बीस मई तक पहुंचने की संभावना है, जिसके बाद पांच से छह जून तक इसके झारखंड पहुंचने की उम्मीद है। यदि यह पूर्वानुमान सटीक रहा, तो राज्य में पिछले साल की तुलना में मानसून बारह दिन पहले पहुंचेगा।

*******************

रांची के मोराबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम में बाईस से पच्चीस मई तक उनतीसवीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जाएगा। इस बड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के रेफरी, कोच और एथलीट्स अपनी ट्रेनिंग और तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

*******समाप्त*******